**मुख्य वन सरंक्षक/नोडल अधिकारी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।**
**पत्रांक– 3710 /11–सी–FP/UP/Water/145479/2021, लखनऊ, दिनांकः जून 24 ,2022**

सेवा में,

अपर मुख्य सचिव,
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग,
उ0प्र0 शासन, लखनऊ।

विषयः– जनपद–बांदा में उत्तर प्रदेश जल निगम द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत बांदा–बबेरू रोड, बांदा–चिल्ला रोड, बांदा–अतर्रा रोड, बांदा–नरैनी रोड़, बांदा–ओरन रोड़, पलरा–नरैनी रोड़, बांदा–तिन्दवारी रोड, पिपरहरी मोड़ से अमलोर मोड में अमलीकौर ग्राम समूह पेयजल योजना में पेयजल पाईप लाईन बिछाने हेतु प्रभावित 10.555675 हे0 संरक्षित वनभूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं बाधक 228 वृक्षों/पौधों के पातन की अनुमति के संबंध में।

संदर्भः– भारत सरकार का पत्रांक–8बी/यू0पी0/08/266/2021/एफ0सी0/69, दिनांक 02.05.2022 एवं वन संरक्षक, चित्रकूटधाम वृत्त, बांदा का पत्रांक–3066/33–1, दिनांक 14.06.2022

महोदय,

उपरोक्त संदर्भित पत्रों का अवलोकन करने की कृपा करें। भारत सरकार के उपरोक्त संदर्भित पत्र के द्वारा विषयगत प्रकरण में सैद्वान्तिक स्वीकृति निर्गत की गयी है। उक्त सैद्वान्तिक स्वीकृति में निहित शर्तों की बिन्दुवार अनुपालन आख्या वन संरक्षक, चित्रकूटधाम वृत्त, बांदा के उपरोक्त पत्रांक–3066/33–1, दिनांक 14.06.2022 द्वारा इस कार्यालय को प्रेषित किया गया है तथा प्रकरण में प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा एन0पी0वी0 एवं क्षतिपूरक वृक्षारोपण की धनराशि एड–हॉक कैम्पा में ऑनलाइन e-payment portal के माध्यम से ई–चालान द्वारा जमा किया गया है, जिसकी पुष्टि संलग्न है।

अतः उक्त पत्र की छायाप्रति सहित बिन्दुवार अनुपालन आख्या ऑनलाइन ''परिवेश'' पोर्टल पर अपलोड कर दो प्रतियों में इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि कृपया विषयगत प्रकरण में आवश्यक अग्रेत्तर कार्यवाही करने की कृपा करें।

**संलग्नकः–उपरोक्तानुसार।**

भवदीय

**(अनुपम गुप्ता)**
मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।

**संख्या– 3710 /11–सी–FP/UP/Water/145479/2021, दिनांकित।**

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित अधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. वन संरक्षक, चित्रकूटधाम वृत्त, बांदा।
2. प्रभागीय वनाधिकारी, बांदा वन प्रभाग, बांदा।
3. सहायक अभियन्ता, कार्यालय कार्यपालक अभियन्ता, 16 मंडल, उ0प्र0 जल निगम, बांदा।

**(अनुपम गुप्ता)**
मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।

Acy-725